StudentBounty.com

# अंतर्राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय, दम्माम

## द्वितीय रचनात्मक मूल्यांकन जाँच 2013–2014

## Set - B

विषय हिन्दी — कक्षा : आठवीं

कुल अंक – 90 — समय : ३:०० घंटे

**सामान्य निर्देश**

1 प्रश्नपत्र के दो खंड हैं। खंड 'क' और खंड 'ख' ।

2 प्रश्नसंख्या सावधानी पूर्वक लिखें।

3 सभी चयनात्मक (MCQ) प्रश्नों के विकल्प भी Answer Sheet पर लिखें।

4 कुल प्रश्न 21 हैं।

## "खंड क"

| | | | | | Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| प्र–1 | **रेखांकित अनेकार्थी शब्दों के वाक्य के अनुसार सही अर्थ लिखिए: (किन्हीं 2)** | | | | 2 x 1 |
| | 1 हमें समय पर कर जमा करना चाहिए। | | 2 मुझे परीक्षा में अच्छे अंक मिले। | | = 2 |
| | 3 यह आम रास्ता नहीं है। | | | | |
| प्र–2 | **निम्नलिखित शब्दों के 2–2 अनेकार्थी शब्द लिखिए: (किन्हीं 2)** | | | | 2 x 1 |
| | 1 तीर | 2 काल | 3 गति | | = 2 |
| प्र–3 | **निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए: (किन्हीं 6)** | | | | 6 x 1/2 |
| | 1 इंसान | 2 मज़दूर | 3 मुक्त | 4 पराया | = 3 |
| | 5 सभ्य | 6 घबराना | 7 चलना | 8 अहं | |
| प्र–4 | **रेखांकित शब्द का सही विशेषण भेद पहचान कर लिखिए: (किन्हीं 3)** | | | | 3 x 1 |
| | 1 चालाक लड़का भाग गया। | | | | = 3 |
| | 2 कुछ बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। | | | | |
| | 3 गाड़ी में थोड़ा पेट्रोल डाल दीजिए। | | | | |
| | 4 यह पुस्तक मेरी है। | | | | |
| प्र–5 | **निम्न शब्दों का शुद्ध रूप लिखो: (किन्हीं 6)** | | | | 6 x 1/2 |
| | 1 पक्शी | 2 तनखाह | 3 उपलब्धी | 4 सिखर | = 3 |
| | 5 लाक | 6 अवग्या | 7 अंतयेष्टि | 8 दरशकों | |
| प्र–6 | **निम्न वाक्यों का शुद्ध रूप लिखो: (किन्हीं 3)** | | | | 3 x 1 |
| | 1 तुम तेरा काम करो। | | 2 मेरा भाई रविवार के दिन आयेगा। | | = 3 |
| | 3 बनी अक्षरों सारी हैं पुस्तकें से। | | 4 मेरे को भी चाहिए। | | |
| प्र–7 | **विलोम शब्द लिखिए: (किन्हीं 6)** | | | | 6 x 1/2 |
| | 1 सजीव | 2 अर्थ | 3 इनकार | 4 ग्रीष्म | = 3 |
| | 5 आयात | 6 निरक्षर | 7 दुर्जन | | |



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**प्र–8 प्रत्येक शब्द के 2–2 पर्यायवाची शब्द लिखिए:** (किन्हीं 3)

1 इच्छा 2 पथिक 3 उन्नति 4 रात

**प्र–9 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिन्ह लगाओ:** 12 x ... = 3

1 महात्मा गाँधी ने कहा करो या मरो
2 सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
3 अमन ने रोहन को क्यों मारा
4 ओह सुनकर बहुत दुख हुआ
5 मुझे सेब केला संतरा बहुत पसंद है
6 नहीं हम तुम्हें नहीं खिलाएँगे

**प्र–10 'मीठी वाणी' विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** 4

**प्र–11 प्रधानाचार्य महोदय को अपने विद्यालय में खेलकूद की सामग्री की कमी की ओर ध्यान दिलाते हुए आवेदन पत्र लिखिए।** 4

**प्र–12 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए:** 5 x 1 = 5

प्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री श्री राकेश शर्मा का जन्म पंजाब के पटियाला नामक नगर में 15 जनवरी, 1949 के दिन हुआ। अपनी आरंभिक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् उन्होंने 1977 ई में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से चिकित्सा संबंधी जैव–रसायन में पी एच डी की उपाधि अर्जित की। राकेश शर्मा भारतीय वायुसेना में एक टेस्ट पायलट के पद पर नियुक्त हो गए। जिस समय राकेश शर्मा अंतरिक्ष यात्रा के लिए चुने गए, वे भारतीय वायु सेना में स्कैवड्रन लीडर थे। बाद में विंग कमांडर बनकर सेवा–मुक्त हुए। अंतरिक्ष यात्रा को संपूर्ण करने के उपलक्ष्य में भारतीय सरकार ने राकेश शर्मा तथा उसके दोनो रूसी सहयात्रियों को अशोक चक्र प्रदान किए। जब वे अंतरिक्ष की उड़ान पर थे तो भारतीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी के यह पूछने पर कि भारत वहाँ से कैसा दिखाई दे रहा है, राकेश शर्मा बोले–**'सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्ताँ हमारा।'**

**1 श्री राकेश शर्मा का जन्म किस राज्य में हुआ था ?**

**क** केरल **ख** उत्तर प्रदेश ग पंजाब

**2 राकेश शर्मा भारतीय वायुसेना में किस पद पर नियुक्त हुए ?**

**क** विंग कमांडर **ख** टेस्ट पायलट ग ग्रुप कैप्टन

**3 राकेश शर्मा भारतीय वायुसेना में किस पद पर सेवा–मुक्त हुए ?**

**क** विंग कमांडर **ख** टेस्ट पायलट ग ग्रुप कैप्टन

**4 राकेश शर्मा को भारतीय सरकार ने कौन–सा पदक प्रदान किया ?**

**क** पदमश्री **ख** अशोक चक्र ग हीरो ऑफ सोवियत यूनियन

**5 किसके पूछने पर राकेश शर्मा ने यह कहा 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्ताँ हमारा।'**

**क** फिरोज़ गांधी **ख** महात्मा गांधी ग इंदिरा गांधी



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

प्र–13 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए:

नन्हीं-नन्हीं जल की बूँदें
जब लेकर आता बादल
बेला की नव पँखुड़ियों में
मोती-से बिखराता बादल।

झर-झर झरते तुषार के कण,
स्वर्ण-रश्मि से स्वर्ण-मुकुट बन
इंद्रधनुष-सी रेखा बनकर
आभामय हो उठता उपवन।

कुछ झुक-झुककर, कुछ हँस-हँसकर
कुछ सिहर-सिहर, कुछ मचल-मचल
चंपे की कलियाँ खिल उठतीं
नव जल से सुरभित हो-होकर।

अनगिनत जल के कण पहने
जब हरी घास मखमल बनती
परियों की शहज़ादी आकर
मोती से अंचल भरती।

— कमला दीक्षित

**1 'बेला की नव पँखड़ियों पर' मोती कौन बिखेरता है?**

**क** ओस  ख बादल  ग बूँदें

**2 हरी घास मखमल–सी कब हो जाती है ?**

**क** तुषार के कणों से  **ख** इंद्रधनुष निकलने पर  **ग** जल के कण पहन कर

**3 'परियों की शहज़ादी' आकर क्या करती है ?**

**क** मोती से अंचल भरती है  ग घास पर मखमल बिछाती है

**ख** इंद्रधनुष खिलाती है

**4 जल की बूँदे कैसी हैं ?**

**क** गीली–गीली  ख भीगी–भीगी  ग नन्ही–नन्ही

**5 इस कविता की रचयिता कौन है ?**

**क** बिमला दीक्षित  **ख** कमला दीक्षित  **ग** उर्मिला दीक्षित

प्र–14 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए: **10 x 1/2 = 5**

1 भारतीय सिनेमा का जनक ______________ । **(अर्देशिर एम ईरानी / दादा साहेब फाल्के)**

2 <u>बहुत–सी</u> पुस्तकें मेज़ पर रखी हैं। **(रेखांकित शब्द का विशेषण भेद लिखिए)**

3 जीवन में अपने माता–पिता के ________ बनो। **(कपूत शब्द का विलोम लिखिए)**

4 क्या तुम्हारी बुद्धि भ्रष्ट हो गई ? **(बुद्धि शब्द का कोई एक पर्यायवाची लिखिए)**

5 भारत एक गतिशील <u>राष्ट्र</u> है। हमें उसकी _______ पसंद है।
**(रेखांकित शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए)**

6 <u>उत्तर</u> भारत में हिन्दी भाषा का प्रचलन है।
**(वाक्यानुसार रेखांकित शब्द का अनेकार्थी अर्थ लिखो।)**

7 <u>नई नवेली</u> बसों से ज़्यादा अनुभवी है। **(रेखांकित शब्द का विशेषण भेद लिखिए)**

8 बदलू को _________ की चूड़ियों से चिढ़ थी। **(काँच / लाख)**

9 बस _________ की रफ्तार से चल रही थी। **(15 से 20 मील / 10 से 15 मील)**

10 _______ रंगमंच के एक लोकप्रिय नाटक को आधार बनाकर फिल्मकार ने फिल्म की पटकथा बनाई।
**(फारसी / पारसी)**



StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

प्र–15 **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प लिखिएः**

तय हुआ कि भैंस की अगाड़ी–पिछाड़ी बाँध दी जाए और फिर काबू में लाकर दूध दुह लिया जाए। बस, झूले की रस्सी उतारकर भैंस के पैर बाँध दिए गए। पिछले दो पैर चाचा जी की चारपाई के पायों से बाँध, अगले दो पैरों को बाँधने की कोशिश जारी थी कि भैंस चौकन्नी हो गई। छूटकर जो भागी तो पहले चाचा जी समझे कि शायद कोई सपना देख रहे हैं। फिर जब चारपाई पानी के ड्रम से टकराई और पानी छलककर गिरा तो समझे कि आँधी–तूफान में फँसे हैं। साथ में भूचाल भी आया हुआ है। फिर जल्दी ही उन्हें असली बात का पता चल गया और पलंग की दोनों पटियाँ पकड़े, बच्चों को छोड़ देनेवालों को यानि बड़ों को बुरा–भला सुनाने लगे।

1 **यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?**

**क** कामचोर ख बस की यात्रा ग लाख की चूड़ियाँ

2 **भैंस की अगाड़ी–पिछाड़ी बाँधने का किसने तय किया ?**

**क** चाचा जी ने ख नौकरों ने ग बच्चों ने

3 **चाचा जी ने पहले क्या समझा ?**

**क** आँधी–तूफान में फँसे हैं ग नींद में चल रहे हैं

**ख** सपना देख रहे हैं।

4 **चाचा जी ने किसे बुरा–भला कहा ?**

**क** घर के बच्चों को ख घर के बड़ो को ग घर के नौकरों को

5 **बच्चों ने किसका दूध दुहने की योजना बनाई ?**

क बकरी का ख गाय का ग भैंस का

## *"खंड ख"*

प्र–16 **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।** 2 x 4 = 8

1 कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ? दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

2 जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन–कौन से वाक्य छापे गए ? उस फिल्म में कितने चेहरे थे ?

3 लेखक ने बस की तुलना गाँधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन से क्यों की ?

प्र–17 **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 3 x 3 = 9

1 बदलू के मन में ऐसी कौन सी व्यथा थी, जो लेखक से छिपी न रह सकी ?

2 विट्ठल का चयन आलमआरा के नायक के रूप में हुआ लेकिन हटाया क्यों गया ? विट्ठल ने पुनः नायक होने के लिए क्या किया ?

3 बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

4 मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**प्र–18** **निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1 'कामचोर' कहानी हमें क्या संदेश देती है ?

2 वस्तु–विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

3 कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों कहा है ?

4 पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली ?

5 'मनुवा तो चहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहते है ?

**प्र–19** **निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:** 6 x 1 = 6

1 पक्षी और बादल हमें कौन सा संदेश देते हैं ?

2 बदलू कौन था और उसका पैतृक पेशा क्या था ?

3 'भगवान के डाकिये' कविता किसने लिखी ?

4 कबीर के अनुसार मनुष्य की असली पहचान किससे होती है ?

5 आलमआरा ने किस भाषा को लोकप्रिय बनाया ?

6 पाँच मित्रों ने कितने बजे की बस से पन्ना जाने का तय किया ?

7 पहली बोलती फिल्म कब और कहाँ प्रदर्शित हुई ?

**प्र–20** **किन्हीं छः शब्दों के अर्थ लिखिए:** 6 x 1/2 = 3

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 खिताब | 2 दालान | 3 विनिमय | 4 लथपथ |
| 5 डलिया | 6 संवाद | 7 निमित्त | 8 बेताबी |

**प्र–21** **किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो:** 3 x 1 = 3

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 किरदार | 2 चाव | 3 घमासान | 4 इत्तफाक |



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers